**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 07.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी को चुना गया नेता।**
2. **मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा–अगले महीने से आपकी योजना, आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जाएगा।**
3. **झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा 12 जून से होगी शुरू, रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग और पूर्वी सिंहभूम में होंगे परीक्षा केंद्र।**
4. **अंडर–17 सब जूनियर और अंडर–23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के लिए नई दिल्ली में आज भारतीय कुश्ती टीम का हो रहा चयन, झारखंड के 17 खिलाड़ी शामिल।**

*******************

नई दिल्ली के पुराने संसद भवन– संविधान सदन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी को नेता चुना गया। इससे पहले राजनाथ सिंह ने एनडीए संसदीय दल के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सहयोगियों ने समर्थन किया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू के नितिश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कार्यकाल की सराहना की। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, तेलगु देसम पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी(एस) और एनडीए के अन्य घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद शामिल हुए।

*******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्यभर में अगले महीने आपकी योजना, आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम चलाने के लिए मुख्य सचिव एल ख्यांगते और विभागीय सचिवों को निर्देश दिया है। श्रीसोरेने ने इसे लेकर ब्लू प्रिंट तैयार करने का भी निर्देश दिया है। वहीं मुख्यमंत्री 11 जून को राज्य की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक भी करेंगे। समीक्षा बैठक को देखते हुए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सभी विभागों को पत्र लिखकर योजनाओं की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट योजना विकास विभाग के माध्यम से मांगा है।

*******************

ट्रेनों मे अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों और परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रांची–पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल किया जायेगा। यह ट्रेन कल रांची से दोपहर दो बजकर दस मिनट पर प्रस्थान करेगी और रात ग्यारह बजे पटना पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन नौ जून को पटना से रात नौ बजे खुलेगी और अगले दिन सुबह पांच बजे रांची पहुंचेगी। नौ जून को बिहार आईटीआई कैट की परीक्षा को लेकर एक ट्रिप के लिए यह स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है। इधर बोकारो स्टील सिटी–रांची–बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन लिंक रेक के विलंब से चलने के कारण आज रद्द रहेगी।

*******************

भारतीय रिजर्व बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में **रेपो दर** साढे छह प्रतिशत पर ही रखने का फैसला लिया है। शीर्ष बैंक ने लगातार आठवीं बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी–एसडीएफ दर छह दशमलव दो–पांच प्रतिशत पर और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी–एमएसएफ दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात–पांच प्रतिशत पर ही रखी गयी है। मौद्रिक नीति समिति ने दो के मुकाबले चार के बहुमत से ये फैसले लिए। समिति ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ–साथ मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर रखने पर बल दिया। शीर्ष बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिन की बैठक 5 जून को शुरू हुई थी।

बैठक के बाद निर्णयों की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर शक्ति कांत दास ने कहा कि मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि का संतुलन अनुकूल रहा है। रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर अनुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर सात दशमलव दो प्रतिशत कर दिया है।

*******************

झारखंड का पारंपरिक वाद्य यंत्र **'बनाम'** आज पहचान का मोहताज हो गया है।

*******************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के अंतर्गत अगले चरण में होनेवाली विभिन्न परीक्षाओं की तिथि की घोषणा कर दी है। इसके तहत कक्षा एक से पांच तक के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य पद के लिए 12 जून से तथा कक्षा छह से आठ के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य पद के लिए 23 जून से परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग और पूर्वी सिंहभूम के विभिन्न केंद्रों पर ली जायेगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र से संबंधित जिला की जानकारी परीक्षा की तिथि से एक सप्ताह पहले दी जायेगी। वहीं प्रवेश पत्र परीक्षा की तिथि से तीन दिन पूर्व आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकेगा।

*******************

देवघर में सावन के महीने में लगनेवाले राजकीय श्रावणी मेले की तैयारी को लेकर उपायुक्त विशाल सागर ने कल बैठक की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार कार्ययोजना और प्रस्तावित बजट पर चर्चा की। श्रीसागर ने बाकी विभागों को भी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

*******************

देवघर जिले की पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर लोगों के खाते से रुपये उड़ानेवाले पांच साइबर अपराधियों को कल गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर साइबर डीएसपी राजा मित्र के नेतृत्व में साइबर पुलिस ने जिले के पथरौल और कुंडा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर इन साइबर अपराधियों को पकड़ा है। इनके पास से पुलिस ने छह मोबाइल फोन और अलग–अलग कंपनियों के 11 सिम कार्ड बरामद किये हैं।

*******************

रांची, गढ़वा और सरायकेला समेत राज्य के अधिकांश जिलों में आज से 10 जून तक हीट वेव चलेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के उत्तर–पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर–पूर्वी भागों में कहीं–कहीं लू चलेगी। रांची में भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि नौ जून तक आंशिक बादल छाए रहेंगे लेकिन तापमान में वृद्धि होगी, जिससे लू की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओऱ दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

*******************

इस साल जॉर्डन में होनेवाली अंडर –17 सब जूनियर और अंडर–23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप को लेकर आज भारतीय कुश्ती टीम का चयन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जा रहा है। इसमें झारखंड कुश्ती की 19 सदस्यीय टीम शामिल हो रही है। झारखंड की टीम में 10 बालक औऱ सात बालिकाएं शामिल हैं।

*******************

**<u>संक्षिप्त खबरें–</u>**

- सरायकेला–खरसावां समाहरणालय में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में कल जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

- जामताड़ा के उपायुक्त कुमुद सहाय ने जिले के अधिकारियों के साथ कल बैठक कर मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव में 6 योजनाएं संचालित करने का निर्देश दिया।

- भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले की मां के निधन के बाद कल जमशेदपुर के साकची गुरुद्वारा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता समेत अन्य लोग शामिल हुए।

- धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने कल रात छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर औक दो 407 वाहन को जब्त किया गया है।

- रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र में कल वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान धनंजय योगी के रूप में की गई है।

- खूंटी लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा ने कल मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कालीचरण मुंडा को बधाई दी।

- जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कल चौक चौराहों पर ओआरएस घोल और पानी का वितरण किया गया।

******समाप्त******